## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पथ निर्माण विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

# तैयारी: जेपी गंगा पथ का बक्सर तक होगा विस्तार

## अभी जेपी गंगा पथ का कोईलवर से मोकामा तक होना है निर्माण

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** पटना के दीघा से दीदारगंज तक बने जेपी गंगा पथ का अब बक्सर तक विस्तार होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पथ निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को इस बाबत आवश्यक निर्देश दिया। सीएम ने प्रगति यात्रा के दौरान हुई घोषणाओं पर तेजी से क्रियान्वयन करने को कहा। साथ ही जरूरत के अनुसार राज्य की अन्य सड़कों का निर्माण और चौड़ीकरण करने का निर्देश दिया।

सीएम ने अपने सरकारी आवास एक अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में पथ निर्माण विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपी गंगा पथ का दीघा से दीदारगंज तक निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। इस सड़क पर लोगों का आवागमन सुगम तरीके से हो रहा है। हम चाहते हैं कि दीघा से पश्चिम में कोइलवर पुल तक और उसके बाद में फिर बक्सर तक जेपी गंगा पथ का विस्तार हो। जबकि दीदारगंज से पूरब में करजान तक और उसके बाद मोकामा तक जेपी गंगा पथ का विस्तार हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपी गंगा पथ परियोजना एक विशिष्ट परियोजना है, जो गंगा नदी के किनारे बनाया जा रहा है। जेपी गंगा पथ से गंगा नदी पर बने विभिन्न पुलों का भी जुड़ाव होगा, जिससे उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के बीच की दूरी और घटेगी और आवागमन तेजी से होगा।

उन्होंने कहा कि प्रगति यात्रा के दौरान सभी जिलों के लिये विभिन्न पथों और पुलों की स्वीकृति दी गयी है। उसका निर्माण कार्य भी तेजी से पूर्ण करें। ग्रामीण पथों का चौड़ीकरण भी किया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा भी कई महत्वपूर्ण पथों एवं पुलों का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे आवागमन और सुलभ होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र की कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के लिये यदि और पथों एवं पुलों की आवश्यकता हो तो पथ निर्माण विभाग इसकी समीक्षा करे, राज्य सरकार उसे अपने संसाधनों से स्वीकृत कर निर्माण करायेगी।

**बैठक में मौजूदगी:** समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार और कुमार रवि, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष सह बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक सहित अन्य वरीय अभियंतागण उपस्थित थे।



**36** किमी निर्माण होना है दीघा-शेरपुर-कोईलवर पुल तक

- दीदारगंज से करजान और मोकामा तक विस्तार होगा
- राज्य की अन्य सड़कों के निर्माण और चौड़ीकरण करने का निर्देश दिया

### सीएम को दी गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी

बैठक में पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने जेपी गंगा पथ परियोजना का विस्तार दीघा-शेरपुर-बिहटा (कोइलवर पुल तक) तथा राज्य उच्च पथ एसएच-106 का फोरलेन में चौड़ीकरण (दीदारगंज-फतुहा बख्तियारपुर-अथमलगोला) के संबंध में प्रस्तुतीकरण भी दिया। निर्माण कराये जाने वाले दीघा-शेरपुर-बिहटा (कोइलवर पुल तक) की कुल लंबाई 35.65 किलोमीटर होगी, जबकि एसएच- 106 (दीदारगंज-फतुहा बख्तियारपुर-अथमलगोला) का फोरलेन में चौड़ीकरण की लंबाई 41.27 किमी होगी। उन्होंने केन्द्र द्वारा बिहार में स्वीकृत किये गये लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस-वे के निर्माण के संबंध में भी जानकारी दी।

### एक नजर में जेपी गंगा पथ

**20.5** किमी दीघा से दीदारगंज तक परियोजना का काम हुआ पूरा

**35.65** किमी लंबा है दीघा से कोईलवर तक

**41.27** किमी लंबी है दीदारगंज-फतुहा-अथमलगोला

**90** किमी लंबाई होगी कोईलवर से बक्सर तक

